प्रेस नोट-थाना कोतवाली
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक- 9.04.2026

"थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुठभेड़ में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर, तमंचे की नाल में फंसा 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 02 अदद 09 एम0एम0 खोखा कारतूस, नगद रुपये 900/- तथा एक अदद मोटरसाइकिल प्लेटिना बरामद"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर निर्देशन में अपराध की रोकथाम एंव चिन्हित किये गये अपराधियों एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस को मिली बडी सफलता।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 09.04.2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं अपराध नियंत्रण हेतु भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि न्यू सिटी ककरा खुर्द रोड से ककरा कलां की ओर जाने वाली सड़क पर दो व्यक्ति अवैध असलहों के साथ मोटरसाइकिल से किसी गंभीर घटना को अंजाम देने हेतु शहर की ओर आने वाले हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग प्रारम्भ की गई। कुछ समय पश्चात ककरा कलां की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा टॉर्च के माध्यम से रुकने का संकेत दिया गया। संकेत के बावजूद दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया, जिनका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। पीछा किए जाने के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसके पश्चात दोनों व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल छोड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। एक फायर उ0नि0 रणजीत बहादुर सिंह की दाहिनी भुजा के समीप से होकर गुजरा। पुलिस टीम द्वारा आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी दी गई, किन्तु अभियुक्तों द्वारा पुनः फायरिंग की गई। आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक द्वारा सरकारी पिस्टल से एक राउंड फायर किया गया तथा उ0नि0 रणजीत बहादुर सिंह द्वारा अपनी सरकारी 9 एम0एम0 पिस्टल से एक राउंड फायर किया गया, जिससे एक अभियुक्त घायल होकर मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम **भूरे उर्फ भूरिया पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला ककरा, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 32 वर्ष** बताया। अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर दिनांक 09.04.2026 को समय लगभग 02:12 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस, तमंचे की नाल में फंसा 01 अदद खोखा कारतूस, 02 अदद 09 एम0एम0 खोखा कारतूस, नगद रुपये 900/- तथा एक अदद मोटरसाइकिल प्लेटिना (रंग काला/हरा, रजिस्ट्रेशन नं0 UP25BQ3221) बरामद हुई। उक्त संबंध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 102/26 धारा 109(1) बी0एन0एस0 (पुलिस मुठभेड) व धारा 3/25/27 आयुध

अधिनियम बनाम अभियुक्त भूरे उर्फ भूरिया पुत्र बाबू नि0मो0 ककरा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 32 वर्ष के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-

भूरे उर्फ भूरिया पुत्र बाबू नि0मो0 ककरा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 32 वर्ष

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

मु0अ0सं0 102/26 धारा 109(1) बी0एन0एस0 (पुलिस मुठभेड) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय:-

न्यू सिटी ककरा रोड से ककरा कला की ओर जाने वाली रोड पर से दिनांक 09.04.2026 को समय 02.12 बजे

आपराधिक इतिहास अभियुक्त भूरे उर्फ भूरिया:-

1. मु0अ0सं0- 259/19 धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 थाना निगोही शाहजहाँपुर
2. मु0अ0सं0- 58/22 धारा 307/401 भादवि थाना रोजा शाहजहाँपुर
3. मु0अ0सं0- 61/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना रोजा शाहजहाँपुर
4. मु0अ0सं0- 597/21 धारा 379 भादवि थाना सिंधौली शाहजहाँपुर
5. मु0अ0सं0- 23/22 धारा 379 भादवि थाना सिंधौली शाहजहाँपुर
6. मु0अ0सं0- 321/17 धारा 307 भादवि व /3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मैगलगंज जनपद खीरी
7. मु0अ0सं0- 50/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मैगलगंज जनपद खीरी
8. मु0अ0सं0- 318/18 धारा 2/3 उ0प्र0 गुण्डा अधि0 थाना मैगलगंज जनपद खीरी
9. मु0अ0सं0- 287/24 धारा 303(2)/317(4) बीएनएस थाना पसगवां जनपद खीरी
10. मु0अ0सं0- 394/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पसगवां जनपद खीरी
11. मु0अ0सं0- 307/17 धारा 147/148/149/307/333/353 भादवि थाना मैगलगंज जनपद खीरी

अभियुक्त से माल बरामदगी का विवरण :-

1. एक अदद देशी नाजायज तमंचा 315 बोर,
2. बरामद तमंचे की नाल में फँसा 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर,
3. 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर,
4. 01 खोखा कारतूस 315 बोर,
5. 02 अदद 09 एम0एम0 खोखा कारतूस,
6. नकद 900/- रुपये
7. सीजशुदा एक अदद मोटरसाईकिल प्लेटिना रंग काला व हरा रजिस्ट्रेशन नं0 UP25BQ3221

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह थाना कोतवाली शाहजहांपुर।
2. उ0नि0 श्री रणजीत बहादुर थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
3. उ0नि0 श्री भूपेन्द्र राणा थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
4. उ0नि0 विवेक कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 2127 दीपक कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
6. हे0का/0 148 सत्यप्रकाश थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
7. का0 1988 नरेन्द्र सिंह थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।